संख्या-36/2015/533/78-2-2015-49आई.टी./2015

प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
अनुभाग-4, लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु-2 लखनऊ:दिनांक: 15 मई, 2015

विषय:- लेखपालों के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त निविदाओं को खोले जाने हेतु समिति के गठन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1319/4-34ए/2013 दिनांक 24 अप्रैल, 2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से लेखपालों के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त निविदाओं को खोले जाने हेतु समिति में प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित विशेष सचिव को सदस्य नामित करने एवं समिति की बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विशेष सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शासकीय कार्य की व्यस्तता के दृष्टिगत प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के आदेश दिनांक 28.04.2015 के अनुपालन में यू0पी0एल0सी0 के वरिष्ठ अधिकारी, श्री आर0के0 बलानी, प्रबन्धक (बी0डी0एम0) द्वारा उक्त समिति की बैठक में प्रतिभाग किया गया।

3. तदनुक्रम में लेखपालों के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त निविदाओं को खोले जाने हेतु गठित समिति में आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग से श्री आर0के0 बलानी, प्रबन्धक (बी0डी0एम0), यू0पी0एल0सी0 को विशेषज्ञ के रूप में सदस्य नामित किया गया है और भविष्य में भी उनके द्वारा उक्त समिति की बैठक में प्रतिभाग किया जायेगा। कृपया अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in